**Amar Ujala(My City), Meerut, 27/12/2025**
Page No: 4, Size: 12.33cm × 11.91cm

# नए साल में गेल गैस के कनेक्शन पर उपभोक्ताओं को मिलेगी छूट

माई सिटी रिपोर्टर

**मेरठ।** गेल गैस कंपनी ने घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को नए साल का तोहफा देने का निर्णय लिया है। जो घरेलू पीएनजी उपभोक्ता नए साल में कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन करेंगे उनको लगातार तीन माह तक प्रत्येक माह बिल में 300 रुपये की छूट मिलेगी। यानी साल में 900 रुपये का फायदा होगा। इसके साथ ही कनेक्शन के आवेदन शुल्क में 200 रुपये की भी छूट दी जाएगी। कंपनी ने यह निर्णय अधिक परिवारों को पीएनजी से जोड़ने के लिए लिया है।

इस संबंध में गेल गैस कंपनी के महाप्रबंधक विनय कुमार का कहना है कि घरेलू के साथ-साथ वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए भी विशेष लाभ देने का निर्णय लिया गया है। इन्होंने बताया कि पीएनजी के व्यावसायिक उपभोक्ताओं को नए साल में कोई उपकरण सुरक्षा राशि नहीं देनी होगी। जिससे 18 हजार रुपये का लाभ होगा। इसके अतिरिक्त डाउनस्ट्रीम पाइपलाइन की निशुल्क स्थापना की जाएगी। जिससे उपभोक्ता को 25 हजार तक की बचत होगी। तृतीय पक्ष निरीक्षण की प्रतिपूर्ति की जाएगी। जिससे उपभोक्ता को 10 हजार का लाभ होगा।

## घरेलू और कॉमर्शियल उपभोक्ताओं को नए साल का तोहफा

**Dainik Jagran, Meerut, 27/12/2025**

**Page No: 4, Size: 8.73cm × 8.26cm**

# नववर्ष पर गेल गैस का उपहार, नए पीएनजी कनेक्शन पर छूट

मेरठ : नववर्ष के अवसर पर गेल गैस लिमिटेड ने आकर्षक योजना की घोषणा की है, जो एक जनवरी से 31 मार्च तक प्रभावी रहेगी। अभियान के तहत इस अवधि में पंजीकरण कराने वाले नए घरेलू एवं वाणिज्यिक पीएनजी उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रकार की रियायतें दी जाएंगी। घरेलू पीएनजी उपभोक्ताओं को 900 रुपये तक की छूट दी जाएगी। यह छूट प्रथम तीन बिलों पर लागू होगी, जिसमें प्रत्येक बिल पर अधिकतम 300 रुपये की राहत मिलेगी। जो उपभोक्ता स्वयं आनलाइन पंजीकरण कराते हैं, उन्हें उनके पहले बिल पर 200 रुपये की अतिरिक्त छूट भी प्रदान की जाएगी। गेल गैस लिमिटेड के मेरठ क्षेत्र के महाप्रबंधक विनय कुमार ने बताया कि यदि वाणिज्यिक उपभोक्ता का दैनिक उपयोग 100 एससीएमडी से कम है, तो उपभोक्ता को उपकरण सुरक्षा जमा राशि (ईएसडी) से पूरी तरह छूट दी जाएगी, जिससे 18 हजार रुपये तक की बचत होगी। इसके साथ ही 15 मीटर तक डाउनस्ट्रीम पाइपलाइन की निशुल्क स्थापना की जाएगी, जिससे लगभग 25 हजार रुपये तक का अतिरिक्त लाभ मिलेगा। जिन उपभोक्ताओं का दैनिक उपभोग 500 एससीएमडी से कम है, उन्हें तृतीय पक्ष निरीक्षण (टीपीआइ) की प्रतिपूर्ति भी दी जाएगी, जिससे 10 हजार रुपये तक की बचत होगी। जासं

# पीएनजी कनेक्शन पर मिलेगी छूट

**मेरठ।** गेल गैस लिमिटेड ने नए साल पर घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए ऑफर निकाला है। महाप्रबंधक विनय कुमार ने बताया पीएनजी घरेलू गैस उपभोक्ताओं के बिलों पर 900 रुपये की छूट तीन बार में 300-300 रुपये के रूप में दी जाएगी। उपभोक्ता द्वारा कनेक्शन के लिए स्वयं पंजीकरण करने के बाद उनके पहले बिल पर 900 रुपये के अतिरिक्त 200 रुपये की छूट अलग से दी जाएगी। व्यावसायिक उपभोक्ताओं के लिए भी ऑफर निकाला है।